# संचालनालय
## महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़
**द्वितीय तल, ब्लॉक ए, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**
**दूरभाष क्रमांक 0771–2234192, 2234188(fax) email – dirwcd.cg@gov.in**

*क्रमांक/5527/मबावि/पो.अभि./2024–25* *नवा रायपुर दिनांकः 24/08/2024*

**प्रति,**

1. **जिला कलेक्टर**
   जिला (समस्त) छत्तीसगढ़
2. **जिला कार्यक्रम अधिकारी/**
   **जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी**
   महिला एवं बाल विकास विभाग
   जिला– समस्त, छत्तीसगढ़ ।

**विषयः–** **पोषण अभियान अंतर्गत *"राष्ट्रीय पोषण माह 2024"* का आयोजन विषयक।**

**संदर्भः–** भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का पत्र क्रमांक DO No. PA/248/2024 दिनांक 14.08.2024।

विषयांतर्गत आप अवगत हैं कि सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण अभियान योजना का 01.08.2022 से संचालन किया जा रहा है। जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष ***"राष्ट्रीय पोषण माह"*** का आयोजन किया जा रहा है । भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास के संलग्न संदर्भित निर्देश अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 01 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाममूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में सम्मानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों,स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों,स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व–सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है।

2/ पूर्व वर्षो में राज्य में आयोजित पोषण माह/पोषण पखवाड़ा में विभिन्न सहयोगी विभागों एवं डेव्हलपमेंट संस्थाओं का सक्रिय एवं परिणाममूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है । उपरोक्तानुसार इस वर्ष भी विभिन्न सहयोगी विभागों के मैदानी अमले के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए जिला/विकासखण्ड, ग्राम स्तर एवं प्रत्येक केन्द्र स्तर पर पोषण माह का आयोजन किया जाना है ।

3/ **पोषण माह 2024** का मुख्य उद्देश्य पोषण पंचायतों को सक्रिय करना है, इस हेतु ग्राम स्तर पर सरपंच एवं ग्राम पंचायतों को गतिविधियों का आधार बनाते हुए जनआंदोलन को जनभागीदारी के रूप में परिवर्तित करना है।

4/ राज्य द्वारा "राष्ट्रीय पोषण माह 2024" के दौरान मुख्य रूप से निम्नानुसार थीम पर गतिविधियाँ आयोजित की जानी है :–

1. एनीमिया।
2. वृद्धि निगरानी।
3. पूरक आहार।

4. पोषण भी पढ़ाई भी।
5. बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी।
6. समग्र पोषण।

5/ पोषण माह 2024 अंतर्गत 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले गतिविधि कैलेण्डर एवं सहयोगी विभागों की कार्य दायित्व **परिशिष्ट–01** पर संलग्न है ।

6/ कृपया पोषण माह 2024 अंतर्गत पंचायतीराज संस्थाओं, नगरीय निकायों, सहयोगी विभागों स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व–सहायता समूहों, महिला मण्डलों, युवा समूहों, नेहरू युवा केन्द्रों, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर आदि के साथ समन्वय कर जिला स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर पोषण माह सितम्बर 2024 का प्रभावी आयोजन करने का कष्ट करें।

7/ उक्त के दौरान की जाने वाली समस्त गतिविधियों को जनआंदोलन के डैशबोर्ड पोर्टल पर अनिवार्यतः प्रतिदिन इन्द्राज किया जावे। सहयोगी विभाग को भी प्रोत्साहित किया जावे कि उनके स्तर से की जा रही गतिविधियों की प्रगति की डाटा एंट्री जनआंदोलन डैशबोर्ड पर नियमित हो।

उपरोक्तानुसार पोषण माह 2024 के सफल कियान्वयन हेतु आवश्यक तैयारी किए जाने का अनुरोध है।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**

Prajapati, 24.8.24

**(तुलिका प्रजापति)**
**संचालक**
महिला एवं बाल विकास
छत्तीसगढ़

*पृ.क्रमांक/5528/मबावि/पो.अभि./2024–25 नवा रायपुरदिनांकः 24/08/2024*

**प्रतिलिपि :–**

1. **विशेष सहायक,** माननीय मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. **संयुक्त सचिव,** भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
3. **सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ ।
4. **संभाग आयुक्त** समस्त संभाग की ओर सूचनार्थ ।
5. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी,** जिला पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जिला समस्त की ओर सूचनार्थ ।
6. **मुख्य चिकित्सा अधिकारी,** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला समस्त की ओर सूचनार्थ ।
7. **एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी**–परियोजना समस्त, जिला समस्त महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

Prajapati.

**संचालक**
महिला एवं बाल विकास
छत्तीसगढ़

**परिशिष्ट–01**

# राष्ट्रीय पोषण माह 2024

## दिनांक 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक आयोजित दैनिक गतिविधियों का कैलेण्डर

| दिनांक | गतिविधि | सूक्ष्म कार्ययोजना | नोडल विभाग | सहयोगी विभाग/संस्था |
|---|---|---|---|---|
| 01 सितम्बर 2024 रविवार | ▪ राज्य स्तर पर पोषण माह का शुभारंभ। | ▪ **डिजिटल प्लेटफार्म** के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ। समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, राज्य स्तरीय संसाधन केन्द्र एवं क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं सहयोगी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी डिजिटल लॉचिंग कार्यक्रम में अपने स्थान से सहभागी होंगे।<br>▪ डिजीटल प्रचार–प्रसार सामग्री का प्रसारण। | महिला एवं बाल विकास विभाग | समस्त सभी सहयोगी विभाग/संस्था |
| 02 सितम्बर 2024 सोमवार | ▪ एनीमिया कैम्प आयोजन | ▪ जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में किशोर बालक, बालिकाओं के लिए एनीमिया कैम्प का आयोजन।<br>▪ गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का एनीमिया स्वास्थ्य जॉच शिविर ।<br>▪ आई.एफ.ए. वितरण । | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/ आयुष विभाग/यूनिसेफ/एन.आई. |
| 03 सितम्बर 2024 मंगलवार | ▪ वीएचएसएनडी में पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर चर्चा ।<br>▪ महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को उनको मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग उनके स्वास्थ्य एवं पोशण में किए जाने पर चर्चा। | ▪ वीएचएसएनडी का आयोजन ।<br>▪ पंचायत प्रतिनिधियों का एनीमिया से बचाव एवं प्रसव पूर्व, प्रसव पश्चात जॉच पर संवेदीकरण ।<br>▪ आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को उनको मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग उनके स्वास्थ्य एवं पोषण में किए जाने पर जानकारी/चर्चा। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/ आयुष विभाग/यूनिसेफ/एन.आई. |
| 04 सितम्बर 2024 बुधवार | ▪ एनीमिया कैम्प आयोजन | ▪ पंचायत स्तर पर, शहरी मलिन बस्तियों में एनीमिया कैम्प का आयोजन।<br>▪ बाल देखरेख संस्थाओं में एनीमिया कैम्प का आयोजन।<br>▪ राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस अंतर्गत मॉपअप दिवस का आयोजन । | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/ आयुष विभाग/यूनिसेफ/एवीडेंश एक्शन |
| 05 सितम्बर 2024 गुरूवार | ▪ एनीमिया पर वेबीनार का आयोजन | ▪ एनीमिया से निपटने में आयुष की भुमिका पर वेबीनार का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/ आयुष विभाग |
| 06 सितम्बर 2024 शुक्रवार | ▪ वृद्धि अनुश्रवण पर नारा लेखन | ▪ ग्राम/वार्ड स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मितानिन द्वारा महत्वपूर्ण पोषण संदेशों पर आधारित नारों का लेखन । | महिला एवं बाल विकास विभाग | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/नगरीय प्रशासन विभाग |
| 07 सितम्बर 2024 शनिवार | ▪ वृद्धि मापन पर वेबीनार | ▪ सही सही वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण के संबंध में वेबीनार का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | यूनिसेफ |
| 08 सितम्बर 2024 रविवार | ▪ वृद्धि मापन पर सेक्टर स्तरीय गतिविधि | ▪ सही सही वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु सेक्टर स्तर पर वृद्धि निगरानी उपकरण के उचित उपयोग के संबंध में गतिविधि का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | यूनिसेफ |
| 09 सितम्बर 2024 सोमवार | ▪ वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |

| दिनांक | गतिविधि | सूक्ष्म कार्ययोजना | नोडल विभाग | सहयोगी विभाग/संस्था |
|---|---|---|---|---|
| | | ▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन। | | |
| **10 सितम्बर 2024 मंगलवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन। वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **11 सितम्बर 2024 बुधवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **12 सितम्बर 2024 गुरूवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **13 सितम्बर 2024 शुक्रवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **14 सितम्बर 2024 शनिवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन।<br>▪ स्कूलों में बच्चों का बीएमआई (B.M.I) मापन एवं पोषण पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **15 सितम्बर 2024 रविवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **16 सितम्बर 2024 सोमवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **17 सितम्बर 2024 मंगलवार** | ▪ **वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण**<br>▪ **स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा** | ▪ वजन त्यौहार कैलेण्डर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर बच्चों का वृद्धि मापन एव अनुश्रवण।<br>▪ आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की वृद्धि मापन का सत्यापन।<br>▪ बच्चों का वजन और ऊचाई मापन कर सामान्य श्रेणी में आने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ एवं समस्त सहयोगी संस्था |
| **18 सितम्बर 2024 बुधवार** | ▪ **व्यंजन प्रतियोगिता**<br>▪ **स्व–सहायता समूह के सहयोग से स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी ।** | ▪ आंगनबाड़ी/स्कूल स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से किशोरी बालिकाओ के साथ पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता।<br>▪ स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले फल, सब्जी, अनाज से बनाए जाने वाले पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन एवं रेसिपी का संकलन ।<br>▪ छत्तीसगढ़ की 36 भाजिया एवं उसके पौष्टिक महत्व का संकलन।<br>▪ हॉट बाजार में पौष्टिक आहार पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्कूल शिक्षा विभाग/सहयोगी संस्थाए |

| दिनांक | गतिविधि | सूक्ष्म कार्ययोजना | नोडल विभाग | सहयोगी विभाग/संस्था |
|---|---|---|---|---|
| **19 सितम्बर 2024 गुरूवार** | ▪ **पूरक आहार जागरूकता गतिविधियां** | ▪ 06 माह के बच्चों हेतु पर्याप्त, सुरक्षित एवं उचित पूरक आहार के संबंध में जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन।<br>▪ अन्नप्राशन गतिविधि का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | खाद्य विभाग/स्वास्थ्य विभाग |
| **20 सितम्बर 2024 शुक्रवार** | ▪ **स्थानीय खाद्य पदार्थो के संबंध में प्रदर्शनी/जनजागरूकता का आयोजन।** | ▪ आंगनबाड़ी एवं पंचायत स्तर पर स्थानीय एवं मौसमी आहार प्रथाओं पर चर्चा एवं प्रदर्शनी।<br>▪ खराब जीवनशैली आधारित बीमारियों जैसे – बच्चों में मोटापा, मधुमेह इत्यादि से बचाव पर जनजागरूकता।<br>▪ खाद्य पदार्थों का संरक्षण पर चर्चा। | महिला एवं बाल विकास विभाग | खाद्य विभाग/कृषि विभाग/उद्यानिकी विभाग |
| **21 सितम्बर 2024 शनिवार** | ▪ **स्तनपान का महत्व** | ▪ 06 माह तक केवल स्तनपान तथा 24 माह और उससे अधिक तक निरंतर स्तनपान।<br>▪ स्तनपान की उचित तकनीक पर गतिविधियों का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग |
| **22 सितम्बर 2024 रविवार** | ▪ **पर्यावरण सुरक्षा आधारित कार्यक्रम** | ▪ एक पेड़ मा के नाम – पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ पौधारोपण। | महिला एवं बाल विकास विभाग | वन विभाग/उद्यानिकी विभाग |
| **23 सितम्बर 2024 सोमवार** | ▪ **आंगनबाड़ी/स्कूल स्तर पर खेल–खेल में पोषण ज्ञान प्राप्त करने संबंधी गतिविधि।** | ▪ 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के बीच – फल, सब्जी आदि से संबंधित फैंसी ड्रैस/चित्रकारी/स्थानीय स्तर पर खिलौना निर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए परिवारों में पोषण संबंधित जागरूकता ।<br>▪ शालाओं/बाल देखरेख संस्थाओं में पोषण संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन ।<br>▪ स्थानीय संस्थाओं से सहयोग कर बच्चों, परिवारों को सम्मानित कर पुरस्कार दिया जा सकता है ।<br>▪ शालाओं में पोषण प्रतिज्ञा का वाचन।<br>▪ आंगनबाड़ी केन्द्र की पोषण के साथ–साथ सीखने के केन्द्र के रूप में दर्शाने हेतु पोस्टर, स्लोगन, बैनर के माध्यम से "पोषण भी–पढ़ाई भी" थीम का प्रचार–प्रसार। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्कूल शिक्षा विभाग/ आदिम जाति कल्याण विभाग |
| **24 सितम्बर 2024 मंगलवार** | ▪ **खेल आधारित शिक्षा पर परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम पर पालक सत्र का आयोजन।** | ▪ स्वदेशी खिलौनो को बढ़ावा देने के लिए खेल आधारित शिक्षा पर बच्चों और उनके अभिभावको के लिए प्रदर्शन एवं गतिविधि का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्वास्थ्य विभाग/यूनिसेफ |
| **25 सितम्बर 2024 बुधवार** | ▪ **पोषण ट्रैकर एप का प्रभावी कियान्वयन।** | ▪ राज्य स्तर से समस्त नोडल अधिकारी/मास्टर ट्रैनर्स के साथ वेबीनार का आयोजन।<br>▪ समस्त नोडल अधिकारी/मास्टर ट्रैनर्स के द्वारा जिला स्तर पर वेबीनार का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | यूनिसेफ |
| **26 सितम्बर 2024 गुरूवार** | ▪ **खेल भी पढ़ाई भी विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार।** | ▪ स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले हेतु खेलों, पढ़ों एवं पोषण विषय पर वेबीनार का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्कूल शिक्षा विभाग/ आदिम जाति कल्याण विभाग/यूनिसेफ |
| **27 सितम्बर 2024 गुरूवार** | ▪ **जल संरक्षण विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम** | ▪ ग्राम पंचायत क्षेत्र में आने वाले जलस्रोतों की स्वच्छता, सरंक्षण, वर्षा जल संचयन पर चर्चा ।<br>▪ आंगनबाड़ी केन्द्र में जल एवं पर्यावरण स्वच्छता संबंधित जानकारी का संकलन ।<br>▪ जल संरक्षण, प्रबंधन एवं वर्षा जल संचयन पर महिलाओं का संवेदीकरण। | महिला एवं बाल विकास विभाग | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/यूनिसेफ |
| **28 सितम्बर 2024 शुक्रवार** | ▪ **वेस्ट वॉटर का उचित निपटान।** | ▪ आंगनबाड़ी/ग्राम पंचायत/स्कूल/सामुदायिक भवन/बाल देखरेख संस्थाओं में वेस्ट वॉटर के उचित निपटान पर चर्चा एवं निपटान की व्यवस्था करना ।<br>▪ पंचायत प्रतिनिधि, स्व–सहायता समूह, युवा समूहकी उक्त संबंध में उन्मुखीकरण एवं | महिला एवं बाल विकास विभाग | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/स्कूल शिक्षा विभाग/लोक स्वास्थ्य |

| दिनांक | गतिविधि | सूक्ष्म कार्ययोजना | नोडल विभाग | सहयोगी विभाग/संस्था |
|---|---|---|---|---|
| | | सहभागिता । | | यांत्रिकी विभाग |
| **29 सितम्बर 2024 शनिवार** | ▪ **पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार ।** | ▪ स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले हेतु खेलों, पढ़ों एवं पोषण विषय पर वेबीनार का आयोजन।<br>▪ स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा बाल देखरेख संस्थाओं में खेल गतिविधियों का आयोजन। | महिला एवं बाल विकास विभाग | स्कूल शिक्षा विभाग/आदिम जाति कल्याण विभाग/ यूनिसेफ |
| **30 सितम्बर 2024 रविवार** | ▪ **जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन।** | ▪ पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित – सायकल रैली, प्रभात फेरी, पैदल यात्रा<br>▪ आयोजित पोषण माह गतिविधियों के निष्कर्ष एवं समापन पर ग्राम पंचायत स्तरीय चर्चा। | महिला एवं बाल विकास विभाग | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/स्कूल शिक्षा विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग/स्वास्थ्य विभाग/सभी सहयोगी संस्था |